# 23 राजस्थान की इतिहास प्रसिद्ध महिलाएँ

1. किस महिला का सम्बन्ध वनस्थली विद्यापीठ से रहा है–
(1) गायत्री देवी (2) दुर्गावती देवी
(3) नारायणी देवी (4) रतन शास्त्री (4)

**व्याख्या–** यह हीरालाल शास्त्री की धर्म पत्नी थी। इन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए अपने पति के साथ टोंक के वनस्थली में शांताबाई शिक्षा कुटीर नामक विद्यालय की स्थापना की,जो वर्तमान में 'वनस्थली विद्यापीठ' के नाम से प्रसिद्ध है।

2. वह प्रसिद्ध महिला जिन्होंने महिला शिक्षा व जागृति के लिए भीलवाड़ा में वर्ष 1944 में महिला आश्रम की स्थापना की–
(1) सीता देवी (2) जानकी देवी
(3) नारायण देवी वर्मा (4) अंजना देवी (3)

3. महिला नेता, जिन्होंने वर्ष 1939 में जयपुर प्रजामंडल आंदोलन में झुंझुनूं से महिलाओं का जत्था लेकर सत्याग्रह करने जयपुर पहुँची।
(1) दुर्गावती देवी (2) रामदुलारी शर्मा
(3) रमादेवी (4) किशोरी देवी (1)

**व्याख्या–** श्रीमती दुर्गावती देवी पंडित ताड़केश्वर की पत्नी थी, इन्होंने शेखावाटी किसान आंदोलन में अपने पति के साथ भाग लिया।

4. राजस्थान की प्रसिद्ध महिला डिस्कस थ्रोअर खिलाड़ी, जिसे वर्ष 2012 में राज्य चुनाव विभाग की ब्राण्ड एम्बेसडर नियुक्त किया गया।
(1) वसुन्धरा राजे (2) सुमित्रा सिंह
(3) कमला बेनिवाल (4) कृष्णा पूनिया (4)

**व्याख्या–** कृष्णा पूनिया ने राष्ट्रमण्डल खेल 2010 में दिल्ली में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता। 2011 में इन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

5. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निम्न में से कौनसी महिला जेल नहीं गई?
(1) अंजना देवी (2) नारायणी देवी
(3) रतना शास्त्री (4) काली बाई (4)

**व्याख्या–** 18 जून, 1947 को डूँगरपुर रियासत की पुलिस ने नानाभाई खाँट की निर्ममता से पिटाई कर हत्या कर दी। पुलिस ने इस पाठशाला के शिक्षक श्री सेंगाभाई को रस्सी से ट्रक के पीछे बाँधकर घसीटा, उसी समय 13 वर्षीय भील बालिका काली बाई ने अपने शिक्षक सेंगाभाई की जान बचाई तब पुलिस के जवानों ने काली बाई को गोलियों से भून दिया। 20 जून, 1947 को काली बाई की मृत्यु हो गई।

6. वह महिला, जो राजस्थान की प्रथम महिला राज्यपाल बनी?
(1) सुमित्रा सिंह (2) मारग्रेट अल्वा
(3) श्रीमती प्रतिभा पाटिल (4) शांति त्रिवेदी (3)

**व्याख्या–** श्रीमती प्रतिभा पाटिल 8 नवम्बर, 2004 से 23 जून 2007 तक राजस्थान की 16वीं राज्यपाल रही। इन्हें भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त है।

7. सेठ जमनालाल बजाज की पत्नी, जिनको 1956 में भारत सरकार ने पद्म–विभूषण से अलंकृत किया–
(1) जानकी देवी (2) किशोरी देवी
(3) दुर्गा देवी (4) शकुन्तला देवी (1)

**व्याख्या–** जानकी देवी बजाज पद्म विभूषण प्राप्त करने वाली राजस्थान की प्रथम महिला एवं प्रथम व्यक्तित्व थी।

8. राजस्थान की प्रथम महिला पायलट कौन थी–
(1) निवेदिता (2) नम्रता भट्ट
(3) सुनयना (4) तनुश्री पारीक (2)

9. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाली राजस्थान की प्रथम महिला है–
(1) राज्यश्री कुमारी (2) अरूणा राय
(3) हमीदा बानो (4) नगेन्द्र बाला (2)

10. छगन बहन ने अपनी सर्वोदयी गतिविधियों के लिए राजस्थान का कौन–सा क्षेत्र चुना?
(1) चित्तौड़ का बेंगू (2) मेवाड़ का बिजौलिया
(3) फलौदी का खींचन (4) शेखावटी क्षेत्र (3)

11. राजस्थान की प्रथम महिला सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया है?
(1) श्रीमती शारदा भार्गव (2) यशोदा देवी
(3) कमला बेनवाल (4) राज्यश्री कुमारी (1)

12. नारायणी देवी वर्मा किस वर्ष राज्यसभा की सदस्य बनी गई थी?
(1) 1960 (2) 1952
(3) 1965 (4) 1970 (4)

**व्याख्या–** बिजौलिया किसान आंदोलन के समय नारायणी देवी वर्मा को बंदी बनाकर कुंभलगढ़ किले में रखा गया था। स्वतंत्रता के बाद इन्हें 1970 से 1976 तक राज्य सभा की सदस्या रही।

13. निम्न में से किसे 'गाँधी जी की मानस पुत्री' कहा जाता है?
(1) सावित्री देवी भाटी (2) श्रीमती सत्याभामा
(3) रमादेवी (4) मणिबहन (2)

14. निम्न में से किसने प्रजामण्डल की सहयोगी संस्था के रूप में 'महिला मण्डल' का गठन किया?
(1) सुशीला त्रिपाठी (2) विजया बहन भावसागर
(3) सावित्री देवी भाटी (4) नगेन्द्र बाला (2)

15. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी किशोरी देवी के बारे में सत्य कथन नहीं है–
(1) ये शेखावाटी के स्वतंत्रता सेनानी सरदार हरलाल खर्रा की पत्नी थी।
(2) इन्होंने अपने पति के साथ शेखावाटी क्षेत्र में जागीर प्रथा के विरोध में हुए आन्दोलन में भाग लिया।
(3) इन्होंने सिहोट ठाकुर द्वारा सोतिया का बास नामक गाँव में जाट महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में आंदोलन किया।
(4) इन्होंने 25 अप्रैल, 1934 को सीकर के नीमूचाणा गाँव में 10,000 महिलाओं के विशाल सम्मेलन की अध्यक्षता की। (4)

**व्याख्या–** किशोरी देवी ने 25 अप्रैल, 1934 को सीकर के 'कटराथल' गाँव में 10,000 महिलाओं के विशाल सम्मेलन की अध्यक्षता की।

16. मणिबहन पांड्या किसकी धर्मपत्नी थी, जिन्होंने अपने पति के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था?
(1) जयनारायण व्यास (2) केसरी सिंह बारहठ
(3) भोगीलाल पाण्ड्या (4) गंगासहाय (3)

17. बाँसवाड़ा के स्वतंत्रता सेनानी धूलजी भाई भावसागर से विधवा विवाह निम्न में से किसने किया?
(1) विजया बहन भावसागर (2) दुर्गा देवी
(3) रमादेवी (4) नगेन्द्रबाला (1)

18. रमादेवी के बारे में असत्य कथन हैं–
(1) इनका जन्म जयपुर में वैद्य ताड़केश्वर के घर हुआ था।
(2) इन्होंने लादूराम जोशी से पुर्नविवाह किया।
(3) इन्होंने 1931 में बिजोलिया किसान आन्दोलन में भाग लिया।
(4) इन्होंने 1932 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया व गिरफ्तार हुई। (1)

**व्याख्या–** इनका जन्म जयपुर में वैद्य गंगासहाय के घर हुआ।

19. निम्न में से किसे राजस्थान की जलपरी के उपनाम से जाना जाता है?
(1) सुनयना (2) हमीदा बानो
(3) रीमा दत्ता (4) अरूणा राय (3)

20. श्रीमती शांति त्रिवेदी ने 1947 में उदयपुर में 'राजस्थान महिला परिषद्' की स्थापना की। श्रीमती शांति त्रिवेदी का जन्म कहाँ हुआ।
(1) उदयपुर (2) अजमेर
(3) नागपुर (4) वर्धा (3)

**व्याख्या–** श्रीमती शांति त्रिवेदी ने उदयपुर में प्रजामण्डल आंदोलन में स्वयंसेविका के रूप में भाग लिया और विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

21. निम्नलिखित में 'पद्मश्री' से सम्मानित होने वाली राजस्थान की प्रथम महिला थी?
(1) जानकी देवी बजाज (2) नारायण देवी वर्मा
(3) श्रीमती रतन शास्त्री (4) किशोरी देवी (3)

**व्याख्या–** रतन शास्त्री का जन्म खाचरोद (मध्यप्रदेश) में 15 अक्टूबर, 1912 को हुआ। यह हीरालाल शास्त्री की धर्मपत्नी थी।

22. राजस्थान की प्रथम महिला डॉक्टर कौन है, जिन्होंने 1936 में इंग्लैण्ड से उच्च शिक्षा प्राप्त की?
(1) कमला स्वाधीन (2) पार्वती गहलोत
(3) श्रीमती शकुन्तला देवी (4) कमला देवी (2)

**व्याख्या–** पार्वती गहलोत जोधपुर की निवासी थी, जो 1928 में राजस्थान की प्रथम डॉक्टर बनी।

23. कुमारी कुसुमलता गुप्ता .......... में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।
(1) कोटा (2) अजमेर
(3) जयपुर (4) उदयपुर (1)


24. शेखावाटी के स्वतंत्रता सेनानी सरदार हरलाल सिंह खर्रा की पत्नी कौन थी?
(1) किशोरी देवी (2) जानकी देवी
(3) सुशीला त्रिपाठी (4) सावित्री देवी (1)


25. राजस्थान की प्रथम महिला कौन थी, जिन्हें मंत्रिमण्डल में स्थान मिला?
(1) अरूणा राय (2) कमला बेनीवाल
(3) श्रीमती सुमित्रा सिंह (4) शारदा भार्गव (2)


**व्याख्या–** कमला बेनीवाल का जन्म 1927 में नीमकाथाना के गौरीर गाँव में हुआ। इन्हें राजस्थान की प्रथम महिला मंत्री व राजस्थान की प्रथम महिला उपमुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है।

Dhindhwal Publication
Learn Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।